# JALAUN POLICE

**दिनांक – 03.08.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में साइबर थाना टीम द्वारा एयरपोर्ट पर जॉब लगवाने का झांसा देकर कॉल करके लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले संगठित गैंग का पर्दाफाश कर 05 नफर अभियुक्तों को 02 लेपटॉप मय 02 अदद चार्जर, 10 अदद मोबाइल, 07 डेबिट/क्रेडिट कार्ट, 09 अदद सिम कार्ड व नगद 6500/- रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया।**

आज दिनांक 03.08.2025 को साइबर थाना टीम द्वारा थाना जाँच प्रार्थना पत्र व पेन्डिंग विवेचना अहकामात के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि साइबर फ्रॉड करने वाले 4 – 5 लड़के जिले में आये हुये थे जो आज कहीं बाहर जाने की फिराक में इकलासपुरा चौराहे पर चुर्खी बाईपास रोड़ पर वाहन का इंतजार कर रहे है। मुखबिर की खास सूचना पर तत्काल मौके पर पहुचंकर 05 अभियुक्तगण 02 लेपटॉप मय 02 अदद चार्जर, 10 अदद मोबाइल, 07 डेबिट/क्रेडिट कार्ट, 09 अदद सिम कार्ड व नगद 6500/- रूपये के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गयी है।

अभियुक्तगण से माल बरामदगी के सम्बन्ध में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद जालौन में मु0अ0स0 26/2025 धारा 3(5)/318(4)/112/336(2)/340(2) बीएनएस व 66डी IT एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गयी है।

उपरोक्त अभियुक्तगणो द्वारा प्रयोग किये जाने वाले सिम कार्ड, मोबाइल की IMEI नम्बरों को NCRP पोर्टल पर सर्च किया गया तो पाया गया कि NCRP पोर्टल पर 50 ऑनलाइन शिकायते विभिन्न राज्यों जैसे झारखण्ड, मध्य प्रदेश, केरला, मणिपुर, हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आन्ध्रप्रदेश आदि राज्यों में दर्ज हैं।

**पूछतांछ का विवरण-**

अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग fresherworld.com, shine.com व quickr.com की बेबसाइटं से जॉब सीकर्स का डाटा खरीदते है जिसके बाद हम लोग जबसीकर्स से मेल, मैसेज व कॉल के माध्यम से फर्जी सिमों का प्रयोग कर सम्पर्क करते है तथा जो लोग हम लोगों पर विश्वास कर लेते है उनसे रजिस्ट्रेशन, मेडिकल, यूनिफार्म व ट्रेनिंग के नाम पर पैसे की ऑनलाइन ठगी करते है तथा उक्त अपराध में प्रयुक्त सिम को ज्यादा दिन उपयोग न करके बल्कि कुछ दिनों में सिम को तोड़कर फेंक देते है।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. धीरज सिंह पुत्र स्व0 भोला सिंह नि0 ग्राम सैड़वा थाना गजनेर जिला कानपुर देहात
2. सुमित सिंह पुत्र श्री तेजसिंह नि0 ग्राम परौख थाना मंगलपुर जिला कानपुर देहात
3. उदय प्रताप सिंह पुत्र दिनेश सिंह नि0 ग्राम बघौरा नियामतपुर थाना सिरसाकलार जिला जालौन।
4. अमरजीत सिंह पुत्र स्व0 इन्द्रवीर सिंह नि0 ग्राम हैदलपुरा थाना माधौगढ़ जिला जालौन।
5. दीपक सिंह पुत्र अनुरूद्ध सिंह नि0 ग्राम मिहौनी थाना माधौगढ़ जिला जालौन।

**अभियुक्तगण के अपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के थानो व सीमावर्ती जनपदों एवं राज्यों से की जा रही है।**

## बरामदगी का विवरण-

1. 02 अदद लेपटॉप मय 02 अदद चार्जर
2. 10 अदद मोबाइल,
3. 07 डेबिट/क्रेडिट कार्ट,
4. 09 अदद सिम कार्ड
5. 6500/- रूपये नगद

## गिरफ्तार करने वाली टीम –

1- प्र0नि0 साइबर क्राइम थाना मय टीम।